*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

# हिंदी विश्वविश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह आज से चार दिवसीय आयोजन में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति

वर्धा दि. 27 दिसंबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्धविद्यालय, वर्धा का 18वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार से प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें 28-31 दिसंबर तक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विश्वविद्यालय की विकास यात्रा को लेकर विभिन्न आयोजन शामिल हैं।




सोमवार को सुबह 10.00 बजे से गांधी फिल्म समारोह का आयोजन हबीब तनवीर सभागार में किया जाएगा और शाम को नाटक 'हे राम' प्रस्तुत किया जाएगा। स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 29 को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी सभामंडप में प्रात: 11.00 बजे होगा जिसमें राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री प्रो. अनंतराम त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा सम्मान्य अतिथि के रूप में कथाकार श्रीमती चित्रा मुदगल एवं ओड़िया कथाकार प्रो. यशोधारा मिश्रा उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस समारोह में विश्वविद्यालय की ओर से अहिंदी भाषी लेखकों, साहित्यकारों, भाषाविदों को 'हिंदी सेवी सम्मान' से विभूषित किया जाएगा। समारोह में

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र के साथ अध्यापक, अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर आधारित 'चेतना का दीप हिंदी विश्वविद्यालय' के शीर्षक एक एक भव्य प्रदर्शनी लगायी जाएगी जिसका उदघाटन 29 को अतिथियों के हाथों किया जाएगा। 29 को गांधी-कलाम व्यंग्य चित्रकला प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। इसी दिन सायं गांधी प्रश्नोत्तरी एवं पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 30 दिसंबर को वाद विवाद प्रतियोगिता एवं मंथन का आयोजन होगा। सायं 6.00 बजे से दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर के द्वारा प्रद्मश्री प्रह्लाद सिंह टिपानिया का कबीर गायन एवं शिक्षक, कर्मी तथा विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 31 दिसंबर को समता भवन के प्रांगण में फूड फेस्टिवल का आयोजन दोपहर 3 से रात 10.00 बजे तक होगा। सांस्कृतिक संध्या में गायन, तबला वादन और पखावज वादन के कार्यक्रम के बाद डॉ. सतीश पावडे निर्देशित नाटक 'राज से स्वराज तक' का प्रदर्शन होगा। समारोह में महाविद्यालयों, शहर के गणमान्य नागरिकों तथा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

## हिंदी विश्वविद्यालयाचा स्थापना दिवस सोहळा आजपासून
## चार दिवसीय आयोजनात विविध कार्यक्रमांचे सादरीकरण

**डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे, फगरे, डॉ. छाया पाटिल यांना हिंदी सेवी सन्मान**

वर्धा दि. 27 डिसेंबर 2015: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचा 18वा स्थापना दिवस समारोह सोमवारपासून सुरू होत आहे. 28 ते 31 डिसेंबर या चार दिवसीय आयोजनात विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमांसह चित्रपट महोत्सव, हिंदी सेवी सम्मान, फूड फेस्टिवल, गांधी प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद स्पर्धा, मंथन, नाटक आणि फूड फेस्टिवर इत्यादी कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले आहे. स्थापना दिवस कार्यक्रमाची सुरूवात 28 पासून गांधी फिल्म समारोहाने होणार आहे. 28 रोजी नाटक 'हे राम' चे प्रदर्शन करण्यात येणार आहे. स्थापना दिवसाचा मुख्य कार्यक्रम 29 रोजी सकाळी 11.00 वा. आयोजित आहे. कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेखाली आयोजित कार्यक्रमात विशिष्ट अतिथी म्हणून राष्ट्रभाषा प्रचार समितीचे प्रधानमंत्री प्रो. अनंतराम त्रिपाठी राहणार आहेत. यावेळी कथाकार श्रीमती चित्रा मुदगल आणि ओडिया कथाकार प्रो. यशोधारा मिश्रा यांची प्रमुख उपस्थिती राहील. या कार्यक्रमात हिंदी भाषेच्या विकासासाठी योगदान देणा-या साहित्यिकांचा 'हिंदी सेवी सन्मान' देवून गौरव करण्यात येईल. यावर्षी डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे, फगरे आणि डॉ. छाया पाटिल यांना हा सन्मान देण्यात येणार आहे. 29 ला सायंकाळी पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता येथील कलाकारांचा सांस्कृतिक कार्यक्रम होईल. विश्वविद्यालयाच्या विकासावर आधारित चेतना का दीप ही भव्य चित्रप्रदर्शनी लावण्यात येणार आहे. याचदिवसी गांधी-कलाम व्यंग्य चित्रकला प्रदर्शन लावण्यात

येईल. 30 तारखेला सकाळी 9. 00 वा. वादविवाद स्पर्धा आणि सायंकाळी 6.00 पासून दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपूर प्रायोजित पद्मश्री प्रह्लाद टिपानिया यांचे कबीर गायन आणि शिक्षक, कर्मचारी आणि विद्यार्थ्यांच्या वतीने सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे सादरीकरण करण्यात येईल. 31 रोजी समता भवन प्रांगणात फूड फेस्टिवलचे आयोजन दुपारी 3 पासून रात्री 10.00 पर्यंत करण्यात येणार आहे तर सायंकाळी 6.00 पासून गायन, तबला आणि पखावज वादनांसह राज से स्वराज तक हे डॉ. सतीश पावडे निर्देशित नाटक सादर करण्यात येणार आहे. कार्यक्रमांना उपस्थित राहून लाभ घेण्याचे आवाहन विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आले आहे.